तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 12 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 कक्षा पांचवीं व आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा को लेकर...




13 साजन स्कूल में आठवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



## खबर संक्षेप

### होली मिलन कार्यक्रम में जुटेगा साहू समाज

**गुण्डरदेही।** तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय साहू सदन में किया जाएगा। साथ ही तहसील साहू संघ द्वारा एक वर्ष के अंदर किए गए आय व्यय की जानकारी दी जाएगी। तहसील अध्यक्ष डॉ.मानसिंग सार्वा ने बताया की प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तहसील साहू संघ द्वारा होली मिलन का आयोजन रखा गया है साथ ही एक वर्ष का हिसाब किताब और कई अन्य विषयों पर चर्चा किया जाएगा। इनके आलावा तहसील साहू संघ द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवक युवतियों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान किया जाता है उसके लिए भी पंजीयन की शुरुआत किया गया है ताकि बच्चों को अपने कॅरियर बनाने मे मार्गदर्शन मिल सके।

### 12वीं के विद्यार्थियों ने दी भूगोल व भौतिक की परीक्षा

**बालोद।** जिले में चल रही 10वीं व 12 वीं के बोर्ड परीक्षा के तहत 11 मार्च को 12वीं बोर्ड के भूगोल व भौतिक शास्त्र विषय की परीक्षाएं हुईं। इसमें 5 विकासखण्ड के 111 परीक्षा केन्द्रों में 6255 विद्यार्थियों की दर्ज संख्या थी, जिसमें 6225 विद्यार्थी सम्मिलित हुए तथा 30 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। इसमे बालोद विकासखण्ड से 16 परीक्षा केन्द्र में 1088 दर्ज संख्या में 1087 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित था। गुरूर विकासखण्ड में 19 परीक्षा केन्द्रों के 1221 दर्ज संख्या में 1215 परीक्षार्थी भाग लिए, जिनमें 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 29 परीक्षा केन्द्रों में 1546 दर्ज संख्या में 1536 परीक्षार्थी उपस्थित थे। 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। गुण्डरदेही विकासखण्ड के 26 परीक्षा केन्द्र के 1488 दर्ज संख्या में 1483 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। डौण्डी विकासखण्ड के 21 परीक्षा केन्द्रों में 912 दर्ज संख्या में 904 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। इसमें 08 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### जय मां दंतेश्वरी शक्कर कारखाना कर्मचारी संघ ने किया निजीकरण प्रस्ताव का विरोध

**बालोद।** जय मां दंतेश्वरी शक्कर कारखाना कर्मचारी संघ ने बालोद में शक्कर कारखाना के निजीकरण के प्रस्ताव के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में चारों शक्कर कारखाने का संचालन सहकारिता विभाग के माध्यम से किया जा रहा है, मुख्यमंत्री के अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक 28 जनवरी 2025 को आयोजित किया गया जिसमें चारों कारखानों की आर्थिक हानि का उल्लेख किया गया है। वर्तमान में दो कारखाने बालोद और सूरजपुर को पी.पी.पी. मोड या निजी क्षेत्र को सौंपने का विचार किया गया है।

# त्योहार से पहले दुकानों में दबिश, मिठाई सहित अन्य खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूने

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए मिठाई दुकानों, होटलों, किराना दुकानों, और खाद्य निर्माता फर्मों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सह अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिलेवासियों को सुरक्षित और गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है।

निरीक्षण के दौरान जिला अंतर्गत विभिन्न प्रतिष्ठानों से मिठाइयों और खाद्य पदार्थों के नमूने संकलित किए गए हैं। इसमें मेसर्स जय भगवती जोधपुर स्वीट्स एंड नमकीन से कलाकंद और मिल्क केक, मेसर्स निर्मल स्वीट्स से खोवा पेड़ा, मेसर्स कृष्णा डेयरी से पनीर और खोवा, नांदघाट स्थित मेसर्स माँ परमेश्वरी स्वीट्स से कलाकंद और बर्फी, तथा मेसर्स स्वर्णा किराना से सूजी और गुड़ के नमूने जांच के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। खाद्य परिक्षण प्रयोगशाला में जांच उपरांत यदि कोई नमूना अमानक पाया जाता है, तो संबंधित फर्म संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के उल्लंघन पर हाल ही में जिले में 07 प्रकरणों में 17 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।



### खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी

जिले के सभी खाद्य कारोबारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई बनाए रखें और अमानक या मिलावटी खाद्य पदार्थों का विक्रय न करें। मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही, जिलेवासियों से अपील की जा रही है कि वे खाद्य कारोबारियों से खाद्य पदार्थों की निर्माण तिथि, बेस्ट बिफोर और एक्सपायरी डेट की जांच कर ही उन खाद्य पदार्थों का उपभोग सुनिश्चित करें। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजू कुरें और कमल प्रसाद, नमूना सहायक की टीम द्वारा लगातार खाद्य पदार्थों का परीक्षण किया जा रहा है। होली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के समय मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचाव के लिए यह कार्रवाई की जा रही है ताकि जन सामान्य को सुरक्षित और गुणवत्तायुक्त मिठाइयां और खाद्य सामग्री प्राप्त हो सके।

## नेशनल हाईवे स्थित ग्राम ओड़िया में हुई दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

# चारपहिया की चपेट में आकर दूर तक घसीटती रही बाइक, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

नेशनल हाईवे पर मंगलवार को हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार 25 वर्षीय युवक विष्णु ध्रुव की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना खौफनाक था कि चपेट में लिए माजदा वाहन ने मोटरसायकल सहित युवक को 1 से 2 किलोमीटर तक घसीटते रही। उसके बाद वाहन चालक गाड़ी को मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गया। माजदा वाहन चालक की इस अमानवीय हरकत से ग्रामीणों में गुस्सा फूट पड़ा और नेशनल हाईवे को सैकड़ों ग्रामीणों ने जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची जहां उन्हें ग्रामीणों के विरोध और गुस्से का सामना करना पड़ा। काफी मशक्कत के पश्चात नेशनल हाईवे से चक्का जाम हटा।

मिली जानकारी अनुसार पुलिस चौकी खण्डसरा अंतर्गत ग्राम ओड़यिा के समीप मंगलवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 पर हादसा हुआ। दुर्घटना में माजदा वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारने से चौकी क्षेत्र के ही ग्राम सेमरिया निवासी 25 वर्षीय युवक विष्णु ध्रुव पिता दीपक ध्रुव की मौके पर मौत हो गयी। वही घटनास्थल पर से माजदा चालक आरोपी मौके पर ही फरार हो गया है।




### अस्पताल पहुंचने से पहले हो गई मौत

इस सम्बंध में चौकी प्रभारी सुरेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि चौकी मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर ग्राम ओड़यिा से सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची खण्डसरा चौकी के स्टॉफ पहुंचे। उसके बाद गम्भीर जख्मी हालत युवक को जिला अस्पताल के लिए 108 वाहन से रिफर किया गया, किन्तु उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जिसकी बॉडी का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कर ज़िला अस्पताल द्वारा सेमरिया गाँव मे परिजनों को देर शाम तक सौंपा गया।

### दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था युवक

जानकारी के मुताबिक ग्राम सेमरिया निवासी विष्णु ध्रुव पिता दीपक ध्रुव अपने मामी के यहां दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ओड़यिा जा रहा था, इसी बीच वह नजदीक के पेट्रोल पम्प से मोटरसाइकिल पर पेट्रोल डलवाकर निकल रहा था। तभी पीछे की दिशा से ही आ रही लाल रंग की माजदा सीजी 04 एन वाई 1904 ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।

### दूर जाकर बाइक को निकालकर आरोपी माजदा चालक हुआ फरार

लेकिन, हादसे के बाद बाइक करीब 01 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक माजदा गाड़ी में फंसी रही। दूर जाने के बाद वाहन चालक गाड़ी को निकालकर माजदा सहित भाग गया। किन्तु ओड़यिा गांव के पास हादसा हो जाने से वहां दिनभर अफरा-तफरी का माहौल रहा। लोगों की भीड़ तत्काल पुलिस को सूचना देकर आक्रोशित रही। वहीं, खण्डसरा पुलिस ने मामले में अपनी जांच कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तारी कर वाहन बरामद कर लिया जाएगा।

# कांग्रेस ने फूंका ईडी का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा छापेमारी की कारवाई का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध किया। गुस्से का इजहार करते हुए पूर्व विधायक व जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा के निर्देश पर पुराना बस स्टेंड में ईडी और भाजपा सरकार का पुतला दहन कर प्रवर्तन निदेशालय और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ कार्रवाई का किया विरोध

पुतला दहन के बाद कांग्रेस नेताओं ने ईडी की कार्रवाई को लेकर कहा कि ईडी, सीबीआई जैसे संस्थाओं का भाजपा दुरुपयोग कर कांग्रेस नेताओं को डराना चाहती है। लेकिन, कांग्रेसी ऐसी कार्रवाई से डरने वाले नहीं हैं।कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि भाजपा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आक्रामक रवैये से डरी हुई है। उन्होंने कहा कि ईडी को बताना चाहिए कि पूर्व मुख्यमंत्री के घर के छापे से क्या दस्तावेज मिले हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विधानसभा मे सवाल किए जाने पर कार्यवाही की जा रही है। भाजपा की विपक्षी दलों पर इस तरह की कार्यवाही प्रतिषोध की राजनीति है, जिसे जनता देख रही है और आने वाले समय में इसका जवाब देगी।

पुतला दहन में शहर अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लूकेश वर्मा, अविनाश तिवारी, जोगेंद्र छाबड़ा, पार्षद रश्मि मिश्रा, रीता पांडे, राजू साहू, गोलू साहू, प्रकाश ठाकुर, दयासिंग वर्मा, सुनील नामदेव, प्रशांत तिवारी, बबलू जनार्दन सहित अन्य पदाधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीईओ ने नवागढ़ विकासखंड के परीक्षा केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी की बोर्ड की परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही हैं। मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के नेतृत्व में शिक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कक्षा बारहवीं का भूगोल तथा भौतिक शास्त्र का पेपर था।

- किसी भी परीक्षा केंद्र में नहीं मिला नकल का कोई प्रकरण

जिला शिक्षा अधिकारी की टीम ने बहुत से परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अँधियारखोर में कुल चार कमरों में 8 पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में दर्ज 109 में से 106 परीक्षार्थी उपस्थित थे। वहीं, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल नवागढ़ के 9 कमरों में 18 पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में कुल 280 में से 276 परीक्षार्थी उपस्थित, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाल में कुल चार कमरों में आठ पर्यवेक्षक की उपस्थिति में 133 में से 133 परीक्षार्थी उपस्थित थे। वहीं, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाड़ामोर में दो कमरों में चार पर्यवेक्षक की उपस्थिति में दर्ज 50 बच्चों में से 49 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे थे। बारहवीं की परीक्षा शांतिपूर्वक व सुव्यवस्थित ढंग से परीक्षा संचालित होते पाया गया। किसी भी परीक्षा केंद्र में कोई नकल का प्रकरण नहीं मिला। उड़नदस्ता टीम में दल प्रमुख एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, व्याख्याता युवराज बनाफर, तृप्ति वर्मा व मौलिक राम यादव साथ में थे।






### त्योहार पर फसाद करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**देवकर।** पुलिस चौकी परिसर में होली और रमजान के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दोनों त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न करने पर चर्चा की गई। इस पर सभी लोगों ने पुलिस को सहयोग का आश्वासन दिया है। पुलिस ने भी असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मंगलवार को देवकर पुलिस चौकी में होली व रमजान के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से तहसीलदार सरिता मढरिया, चौकी प्रभारी द्वारिका प्रसाद देशलहरे , नगर ▶▶ शेष पेज 13 पर

- शांति समिति की बैठक में देवकर पुलिस ने दी हिदायत

# टमाटर, पत्तागोभी, लौकी नवलगोल 10 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शहर के बाजारों में इन दिनों हरी सब्जियों की बंपर आवक से दाम में गिरावट आई है। रेट कम होने से आम आदमी राहत महसूस कर रहे हैं। शीत ऋतु की विदाई और ग्रीष्मकालीन सीजन के संधिकाल में अमूमन हरी सब्जियां सस्ती होती हैं, लेकिन इस बार दाम में भारी गिरावट आई है। माह भर से टमाटर 10 रूपए में 3 किलो बिक रहा है वहीं गोभी, पत्तागोभी, मूली, भटा, सेमी, मटर जैसी सब्जियां 10 से 20 रूपए किलो बिक रही हैं। रेट कम होने से उपभोक्ता प्रसन्न नजर आए। सब्जी विक्रेता मोती देवांगन ने बताया कि बाजार में भटा, कुम्हड़ा, गोभी, केला, मूली 15 से 20 रूपए व टमाटर, पत्तागोभी, लौकी, नवलगोल 10 रूपए किलो बिका। गाजर, बरबट्टी,भिंडी, मटर 20 रूपए किलो रहा। कुंदरू, करेला, डोड़का, तोराई, शिमला, सेमी 30 रूपए किलो रहा। हरी मिर्च, कटहल 30 से 40 रूपए किलो, ग्वारफल्ली, अदरक, कोचई, ढेंस का भाव भी कम हो गया है।

- हरी सब्जियों के दाम में आई गिरावट, उपभोक्ताओं को मिली राहत



### किराना सामान की कीमत

वहीं, किराना सामानों में आलू 20, प्याज 40, शक्कर 45, गुड़ 48, हल्दी 170, मिर्च 220, धनिया 100, जीरा 250, काली मिर्च 780, लहसुन 80-100, तेल 135, सरसों 75, मेथी 85, राहर दाल 100-120, ए मूंग दाल 110, उड़द दाल 110, मसूर दाल 85, चना 80, काबुली चना 120, मटर सफेद 60, हरा मटर स 100, चना दाल 80, पोहा 50 रूपए किलो। अंडा 70 रूपए दर्जन रहा।

## विभिन्न मांगों व समस्याओं को लेकर जनदर्शन पहुंचे नागरिक

# शासकीय जमीन कब्जामुक्त करवाने कलेक्टर से गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

मंगलवार कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टर कार्यालय में जनदर्शन पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं और शिकायतों का निराकरण किया गया। इस जनदर्शन में 25 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। प्रमुख रूप से भूमि विवाद, सरकारी योजनाओं का लाभ न मिल पाना, आधार या राशन कार्ड से संबंधित समस्याएं, जल, बिजली, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे आवेदन प्राप्त हुये ।

कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि कुछ गंभीर मामलों को टीएल पंजी पर दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निपटाने के आदेश दिए। तहसील बेमेतरा के ग्राम पंडरभट्ठा निवासी मुकुट दास मानिकपुरी द्वारा आबादी पट्टा चिन्हित करवाने, ग्राम देवकर के गिरधर गुप्ता द्वारा खुशी गुप्ता की टंकी में डूबने से हुई मृत्यु पर आर्थिक सहायता की मांग, तथा ग्राम निनवा के निवासियों द्वारा शासकीय घास जमीन पर हुए कब्जे को मुक्त करवाने के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा अन्य आवेदनों में निराश्रित पेंशन, बैटरी चालित ट्राइसाइकिल, प्रधानमंत्री आवास, वृद्धापेंशन, दिव्यांगता पेंशन आदि से संबंधित मांगें भी शामिल रहीं। जनदर्शन में दूर-दराज से आए नागरिकों की समस्याओं को त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, अपर कलेक्टर अंकिता गर्ग, सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे । आदर्श आचार संहिता के समाप्त होने के बाद पुनः जनदर्शन का आयोजन शुरू हुआ।

# होली के लिए सजा बाजार, तरह-तरह की पिचकारियां कर रहीं बच्चों को आकर्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

रंगों का त्यौहार होली आगामी 14 मार्च को मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर अब तीन दिन ही शेष रह गए हैं। ऐसे में होली पर्व को देखते हुए बाजार में रंग-गुलाल, पिचकारियों की दुकानें भी सज गई है। हर साल की तरह इस बार भी दुकानदारों ने बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते कार्टून खाली पिचकारियां अधिक रखी है। इसके साथ ही कुछ नए आयटम भी बाजार में उपलब्ध है। हालांकि नगाड़ों की मांग पहले से कम हो गई है। यही कारण है कि इस बार गिनती के ही व्यापारी नगाड़ा बेच रहे हैं। इसके अलावा इस बार गुलाल की मांग अधिक हो रही है।

- शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में लगी दुकानें

**रात 11.26 से 12.30 तक है शुभ मुहूर्त :** उल्लेखनीय है कि हर साल होली का त्यौहार चैत्र माह के कृष्ण पक्ष ▶▶ शेष पेज 13 पर

### ग्राम मंगचुवा में फाग प्रतियोगिता 15 को

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम मंगचुवा में होली के पावन पर्व पर 15 मार्च को छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय एक दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपए ,द्वितीय पुरस्कार 4001 रुपए, तृतीय 3001 रुपए, चतुर्थ 2001 रूपए, पंचम 1501 रूपए, षष्ठम पुरस्कार 1001 रूपए रखा गया है। मंगचुवा के ग्रामीणों ने इस फाग प्रतियोगिता में अधिक से अधिक कलाकारों एवं दर्शकों से शामिल होने की अपील की है।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# डीजे को लेकर भिड़ गए कुलसचिव और छात्र, होली के बीच पहुंची पुलिस, मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में सोमवार दोपहर जमकर हंगामा हुआ। एबीवीपी द्वारा आयोजित होली मिलन के मध्य में डीजे बंद किए जाने के कारण विद्यार्थी होली खेलना छोड़कर धरने पर बैठ गए। जब डीजे पुनः चालू कराया गया, तब विद्यार्थी धरना छोड़कर पुनः रंग खेलने लगे। इन सबके बीच एनएसयूआई ने शैक्षणिक संस्थान में डीजे प्रयोग पर आपत्ति दर्ज कराई है।

सोमवार को विवि गार्डन में एबीवीपी द्वारा होली मिलन समारोह 'रंग तरंग' का आयोजन किया गया। इस दौरान तेज आवाज में डीजे भी चलाया गया। रविवि के प्रभारी कुलसचिव शैलेन्द्र पटेल ने साउंड सिस्टम बंद कराने के लिए लिखित में थाना प्रभारी को पत्र दिया। इसके बाद रविवि कैंपस में पुलिस आई और डीजे बंद करवाया। डीजे के बंद होते ही छात्र आक्रोशित हो गए। वे प्रशासनिक भवन के सामने धरने में बैठ गए। बहस और छात्रों के विरोध के बाद डीजे चालू करने की अनुमति मिल गई। घंटेभर चले विवाद के बाद मिलन समारोह पुनः शुरू हुआ।

**एबीवीपी द्वारा रखा गया था आयोजन, सोमवार दोपहर होता रहा हंगामा**



### बाहर के भी छात्र

मुख्य अतिथि एबीवीपी के प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा व महानगर मंत्री प्रथम फूटाने रहे। उन्होंने कहा, एबीवीपी आयोजनों के माध्यम से युवाओं को अपनी परंपराओं से जोड़ने का कार्य करता है। वहीं एनएसयूआई का कहना है, इस आयोजन में विवि अध्ययनशाला के अलावा दूसरे कॉलेज के छात्रों ने भी हिस्सा लिया। एबीवीपी के बाहरी कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी इसमें शामिल हुए, जो नियम विरुद्ध है। इस तरह की अनुचित उपस्थिति सुरक्षा दृष्टि से भी गंभीर विषय है।

### पूर्व में की जा चुकी है शिकायत

उधर एनएसयूआई ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा, एबीवीपी का मिलन समारोह प्रशासनिक नियमों की अवहेलना है। हमने 7 मार्च को ही कुलपति को लिखित रूप से सूचना दी थी और विरोध दर्ज कराया था। विवि परिसर में किसी भी राजनीतिक संगठन द्वारा इस प्रकार के आयोजन प्रतिबंधित है। कुलपति ने इस पर आदेश जारी कर किसी भी छात्र संगठन को ऐसे आयोजन की अनुमति देने से इनकार किया था। बावजूद इसके, सत्ता पक्ष के दबाव में आकर विवि ने अपने आदेश में संशोधन कर एबीवीपी को अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन दिया, जो पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण है।

## खबर संक्षेप



### पुराना राजेंद्र नगर में किया हर्बल गुलाल का वितरण

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा पुराना राजेंद्र नगर और डीडीयू नगर में सोमवार को हर्बल गुलाल वितरित किया गया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेशाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, हम हर्बल गुलाल वितरण कर रहे हैं, जैसे ही बच्चे गुलाल लिए, सबके चेहरे खिल उठे, जिससे खुशनुमा माहौल हो गया। सभी वर्ग होली खुशी से और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाए, आपसी मतभेद भूलकर होली खेले। इसी दौरान पंकज विक्रम वार्ड पार्षद स्वप्निल मिश्रा, पार्षद अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, डॉ. एनडी गजवानी अन्य उपस्थित थे। सुनील कुकरेजा, मोहन वल्र्यानी, धनेश मटलानी, चंदर देवानी, महेश खिलनानी, सुनीता तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### अंतिम संस्कार के लिए दी सहयोग राशि

**रायपुर।** विधि विभाग मंत्रालय में संविदा पर कार्यरत कर्मचारी पीतांबर ध्रुव का 9 मार्च को निधन हो गया। मृतक कर्मचारी के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा कुल 34500 रुपए की राशि एकत्रित कर उनके गृहग्राम ढोढरा जाकर अंतिम संस्कार के लिए सहयोग राशि प्रदान की गई। विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने विभाग के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनके निधन के बाद सोमवार को कार्यालय में विभाग के कर्मचारियों द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

### अधिकारियों को आरटीआई अधिनियम की बारीकियां समझाने प्रशिक्षण जारी

**रायपुर।** जनसूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आने वाले आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण हो। इसके लिए अधिकारियों को मास्टर ट्रेनिंग दी जा रही है। भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) एवं छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा द्वारा कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस भवन में 16 जिलों के जनसूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 पर सोमवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों को सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम की विस्तृत जानकारी देना और उन्हें अपने जिले में मास्टर ट्रेनर के रूप में विकसित करना है, ताकि वे अन्य अधिकारियों को भी प्रशिक्षित कर सकें।

## टीबी के साथ कुष्ठ और शारीरिक समस्या से पीड़ितों की पहचान के लिए सौ दिन का सर्वे

# 87 दिनों में 3 लाख की स्क्रीनिंग, 41 हजार की जांच, दो हजार टीबी के संदिग्ध मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सौ दिन के निक्षय निरामय अभियान के 87 दिनां में रायपुर जिले में 3 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। हाईरिस्क श्रेणी में आने पर ट्रूनॉट और एक्सरे के माध्यम से जांच करने पर 2 हजार लोगों को टीबी संदिग्ध पाया गया है। आवश्यकता के मुताबिक उनके उपचार की व्यवस्था की गई है। टीबी के साथ कुष्ठ और शारीरिक समस्या की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 दिसंबर से सौ दिन का अभियान चला रहा है, जिसमें 35 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

राज्य से जुड़े अधिकारियों का दावा है जिला स्तर पर आने वाले आंकड़ों के आधार पर 23 मार्च के बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस आधार पर यह तय होगा कि टीबी और कुष्ठ पीड़ित कितने लोगों की पहचान हो पाई और कितने सीनियर सिटीजन को आवश्यकता के मुताबिक उनकी जरूरतों के सामान उपलब्ध कराए गए। रायपुर जिले में इस अभियान के तहत अब तक 3 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। इसमें लक्षण अथवा क्लोज कांटेक्ट आधार पर हाईरिस्क में आने वाले 11 हजार लोगों की ट्रूनॉट मशीन से जांच की गई है और 618 लोगों में टीबी के संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है, कुछ रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। इसके अलावा 30 हजार लोगों की विभिन्न तरीकों से एक्सरे पूरा किया जा चुका है, जिसमें करीब 15 सौ लोगों की स्वाब जांच ट्रूनॉट जांच के लिए भेजी गई हैं। इसी तरह काफी संख्या लेप्रोसी के संदिग्ध सामने आए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर सामने आए कई सीनियर सिटीजन को वॉकर, हियरिंग मशीन सहित अन्य सामग्री उपलब्ध कराई गई है। अधिकारियों द्वारा अभियान के बाकी बचे दिनों में तमाम आंकड़ों में वृद्धि हो सकती है। प्रदेश में अभियान के तहत अब तक 35 लाख से ज्यादा की स्क्रीनिंग की गई है और हाईरिस्क ग्रुप में मरीजों की जांच के लिए प्रक्रिया जारी है।

**पुराने मरीजों के साथ क्लोज कांटेक्ट और हाईरिस्क वाले 35 लाख की स्क्रीनिंग**



### इन्हें रखा गया जांच के दायरे में

अभियान के तहत हाईरिस्क श्रेणी में शारीरिक समस्या से जूझ रहे सीनियर सिटीजन के साथ बीपी-शुगर पीड़ित, स्मोकर और एल्कोहलिक तथा पूर्व में गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को शामिल किया गया है। इनकी स्क्रीनिंग के लिए मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र के घर-घर जाकर निर्धारित प्रोफार्मा के आधार पर जानकारी लेने का टास्क दिया गया था। स्क्रीनिंग में जो लक्षण अथवा अन्य तरह के संदेह के दायरे में आए, उनकी जांच स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विभिन्न तरीकों से की गई है।

### जशपुर, बालोद टॉपर, सरगुजा जीरो

निक्षय निरामय अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्क्रीनिंग के लिए दिए गए लक्ष्य को सौ फीसदी जशपुर और बालोद जिले ने पूरा किया है। इसके अलावा सरगुजा में स्क्रीनिंग का काम शुरू नहीं हो पाया है, कोंडागांव और सारंगढ़ का आंकड़ा भी काफी पीछे है। रायपुर समेत 19 जिलों में टार्गेट की 95 से लेकर 103 फीसदी स्क्रीनिंग करने में सफलता पाई है। वहीं नौ जिलों ने 82 से 94 प्रतिशत तक स्क्रीनिंग कर संतोषजनक परफार्मेंस दिया है। राज्य में कुल 40 लाख 48 हजार 985 लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया था, इसमें 35 लाख 1456 यानी 912 फीसदी लोगों तक स्वास्थ्य अमला पहुंच पाया।



### पुष्टि होने पर उपचार की व्यवस्था


जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि अभियान का मुख्य फोकस टीबी और कुष्ठ के मरीजों की जांच कर उन्हें उपचार सुविधा उपलब्ध कराना है। अभियान के तहत स्वास्थ्य अमले द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में स्क्रीनिंग के साथ हाईरिस्क वालों की जांच अन्य तरीकों से की जा रही है।

# सहमति बगैर भूमि अधिग्रहण बना दी सड़क, अब मुआवजे के लिए भटक रहा किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

भारत माला परियोजना घोटाले में एक और नया खुलासा हुआ है। इस परियोजना में एक ओर जहां कई किसानों की एक खसरा नंबर की भूमि को कई टुकड़ों में विभाजित कर किसानों के नाम पर चढ़ाकर उन्हें करोड़ों रुपए का भुगतान कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर कुछेक ऐसे भी किसान हैं, जिनकी जमीन बगैर उनकी सहमति के अधिग्रहित कर ली गई है।



■ भारत माला परियोजना घोटाले में एक और खुलासा

यह मामला ग्राम टोकरो का है। किसान की यह जमीन भारत सरकार के राजपत्र सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी होने के पहले से उसके नाम पर दर्ज है। हरिभूमि से बातचीत करते हुए किसान ने कहा कि वह मुआवजे की पात्रता रखता है, क्योंकि उसकी जमीन भी इस प्रोजेक्ट में शामिल कर वहां सड़क बना दी गई है, जबकि अधिग्रहण एवं मुआवजा राशि की सूची में उसका नाम ही नहीं है। मुआवजा राशि के लिए अब वह लगातार तहसील कार्यालय का चक्कर लगा रहा है। उसका यह भी कहना है कि इस प्रोजेक्ट में हुए घोटाले का खुलासा होने के बाद उम्मीद की नई किरण जागी है। अगर इसके बाद भी उसे मुआवजा नहीं मिला तो वह हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने से भी पीछे नहीं हटेगा।

### नक्शे में नहीं थी शामिल, सड़क बनी तो 54 वर्गफुट जमीन अधिग्रहित कर ली

किसान ओमप्रकाश साहू ने बताया कि भारत माला परियोजना के नक्शे में उसकी जमीन नहीं थी, लेकिन जब सड़क बनाने का काम शुरू हुआ तो उसकी जमीन के 54 वर्गफुट भाग को अधिग्रहित कर लिया गया। इसकी उसकी जानकारी तक नहीं दी गई। किसान ने बताया कि इसकी जानकारी होने पर तहसील कार्यालय में अधिग्रहित की गई जमीन के बदले मुआवजे की मांग को लेकर आवेदन किया था। इस आवेदन पर एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार ने जांच की थी, जिसमें उसकी 54 वर्गफुट जमीन अधिग्रहित होना पाया गया था। इस जांच के बाद एसडीएम कार्यालय से परियोजना निदेशक धमतरी को पत्र भी लिखा गया था, जिसमें कहा गया था कि ओमप्रकाश की जमीन प्रस्तावित नहीं है, इसलिए उस पर निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। ऐसा करने पर अगर किसान किसी प्रकार निर्माण कार्य में रुकावट या व्यवधान उत्पन्न करता है तो इसके लिए परियोजना विभाग जवाबदार होगा। एसडीएम के इस आवेदन के बाद भी किसान की निजी भूमि पर सड़क का निर्माण कर दिया गया है।

# विंटर से बंद रायपुर-जगदलपुर फ्लाइट समर शेड्यूल में भी वापस नहीं लौटेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ यात्रियों की कमी के कारण स्थगित हुई थी उड़ान

विंटर शेड्यूल में स्थगित हुई रायपुर-जगदलपुर की इंडिगो की सीधी विमान सेवा की वापसी होने की संभावना नहीं दिख रही है। दोनों सेक्टर के बीच यात्रियों की संख्या बेहद कम होने की वजह से इस फ्लाइट का संचालन स्थगित किया गया था। इसके पूर्व एक अन्य विमानन कंपनी ने इसे घाटे का सौदा मानते हुए संचालन से अपना हाथ खींच लिया था। क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत राज्य के भीतर विमानों के उड़ान भरने के लिए यात्रियों की उपलब्धता सबसे बड़ी चुनौती है। दो शहरों को आपस में जोड़ने के लिए रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से जगदलपुर विमानतल तक पहली बार विमान सेवा का संचालन शुरू किया गया था, मगर दोनों शहरों के बीच स्थायी रूप से हवाई कनेक्टिविटी अब तक नहीं बन पाई है। सबसे पहले एयर ओडिशा ने विमान के संचालन से अपना हाथ खींचा था। इसके बाद अलायंस एयर ने अपनी छोटी फ्लाइट का संचालन शुरू किया और कुछ समय बाद रायपुर से सबसे ज्यादा विमानों का संचालन करने वाली इंडिगो ने सप्ताह में अलग-अलग दिनों में रायपुर-जगदलपुर के बीच विमान की शुरुआत की थी।



**सामान्य दिनों में भी 53 हजार यात्री :** ट्रेनों की अनियमित चाल की वजह से छत्तीसगढ़ में हवाई सफर करने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ चुकी है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अब हर सप्ताह पचास हजार से ज्यादा यात्री आवाजाही करते हैं। वर्तमान में बोर्ड परीक्षाओं का दौर चल रहा है और सामान्य मौसम होने के बाद पिछले सप्ताह यहां से 53 हजार यात्रियों ने अपना सफर पूरा किया है। प्रतिदिन रायपुर में चार हजार यात्री आ रहे हैं और उतने ही दूसरे शहरों के लिए रवाना हो रहे हैं।

# राजधानी में जलसंकट के आसार, महापौर ने तीन दिन के भीतर अधिकारियों से मांगी कार्ययोजना

■ 20 से 22 स्थानों पर मेन राइजिंग लाइन से कनेक्शन, 3 दिन के भीतर सूची मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के एक बड़े इलाके में अभी से जलसंकट गहराने लगा है। निगम ने संकटग्रस्त इलाकों की पूरी सूची सोमवार को जारी की है। महापौर मीनल चौबे ने जल विभाग के अधिकारियों से 3 दिन के भीतर जलसंकट से निपटने कार्ययोजना बनाकर देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जल विभाग के कार्यपालन अभियंता से शहर के 20 से 22 ऐसे स्थानों की सूची 3 दिन के अंदर देने के लिए कहा है, जहां सीधे राइजिंग लाइन से कनेक्शन ले लिए गए। इन कनेक्शनों को काटने की कार्यवाही जल्द करने की हिदायत दी गई।

गांधी सदन में सोमवार को गर्मी के सीजन में पेयजल व्यवस्था की तैयारियों को लेकर लेकर महापौर मीनल चौबे ने निगम आयुक्त विश्वदीप की मौजूदगी में अधिकारियों की बैठक ली। यह बैठक 2 घंटे तक चली।



### जलसंकट के संभावित क्षेत्र

बैठक में अधिकारियों ने महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप को बताया, जोन-9 के कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में द्वारिका विहार गली नंबर 1, दलदल सिवनी बीएसयूपी, बैरागी बीएसयूपी, टेकारी पीएमएवाय, साजनदास बीएसयूपी, कचना हाउसिंग बोर्ड ब्लॉक 1-25, कचना बीएसयूपी, खम्हारडीह क्षेत्र, श्रीराम नगर सेल्स टैक्स कालोनी, भावना नगर, सरहद फेज-2 हाउसिंग बोर्ड, ब्रह्मदेव नगर, सूरज नगर, बीएसयूपी संकल्प सोसायटी फेज 1, 2, जोन-4 पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड में अर्जुन चौक यादव मोहल्ला, ब्राह्मणपारा वार्ड में धोबी गली, सोहागा मंदिर के पीछे का क्षेत्र, स्वामी विवेकानंद सदरबाजार वार्ड में तेलीपारा, नयापारा, बूढ़ापारा के विभिन्न स्थान पेयजल के संभावित संकटग्रस्त स्थानों में शामिल हैं।

### यहां भी बढ़ सकती है पानी की किल्लत

इसी तरह मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड में धोबी गली, बांसटाल, बैजनाथ पारा, सिविल लाइन वार्ड में आकाशवाणी के पास उत्कल बस्ती, जोगी नगर, गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ चौक से नेताजी चौक तक, पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड में पंजाबी कॉलोनी, डॉ. बिपिन बिहारी सूर वार्ड में कुम्हारपारा, आदर्श नगर, शहीद पंकज विक्रम वार्ड में टैगोर नगर क्षेत्र, छत्तीसगढ़ नगर, मोरेवश्वर राव गद्रे वार्ड में संतोषीनगर, कैलाशपति गार्डन के आसपास का क्षेत्र, शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड में बृजनगर, शहीद राजीव पांडे वार्ड में संजय नगर, आरडीए प्लाट क्षेत्र इंदिरा नगर क्षेत्र, महामाया मंदिर वार्ड में परशुराम नगर, प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 2 क्षेत्र, वीरांगना अवंतिबाई वार्ड में राधाकृष्ण मंदिर के पास, जीपी रोड नंबर 14 के पास, इंदिरा नगर मंदिर गली, जीपी रोड के आगे प्रेमनगर, आदर्श कालोनी, उड़िया बस्ती, वाल्मीकि नगर, रमण मंदिर वार्ड में साहू भवन, पंजाबी बाड़ा, दानवीर भामाशाह वार्ड में गोसाई बाड़ा, सिंधी बाड़ा, तुलसी नगर, सतनामी पारा, मिनी माता चौक, यतियतन लाल वार्ड में बुनियाद नगर, सतनामी पारा आदि क्षेत्रों को पूर्व वर्ष के अनुभव अनुसार पेयजल संकट प्रभावित संभावित स्थानों की सूची में शामिल किया गया है।

## प्रदेशभर से 2897 सहायक शिक्षक प्रभावित परिवार के साथ दे रहे धरना

# बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षक धरनास्थल पर ही मनाएंगे होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों ने समायोजन की मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर सोमवार को प्रदर्शन किया। धरने में महिला सहायक शिक्षकों के साथ उनके बच्चे और परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। उनका कहना है कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे अनिश्चितकालीन धरना देकर आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। इस बार वे यहीं धरनास्थल पर होली त्योहार मनाएंगे। इधर राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने धरना देकर अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ के 2897 बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने नौकरी की सेवा सुरक्षा मांग करते धरना दिया। प्रभावित सहायक शिक्षकों का कहना है, उनके सामने आजीविका का संकट उठ खड़ा हुआ है। नौकरी छीननी ही थी तो पहले क्यों दी? बिना समस्या का समाधान किए नौकरी से निकालने का आदेश तत्काल रोका जाए।

■ समायोजन की मांग को लेकर तूता धरनास्थल पर अनिश्चितकालीन धरना



धरने पर बैठे बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने कहा, उनके साथ गलत हो रहा है। सरकार ने हड़बड़ी में कमेटी तो बना दी, लेकिन कमेटी की अभी तक केवल एक बार बैठक हुई है। अब तक कमेटी की समयसीमा तय नहीं की गई। कमेटी फैसला सुनाने में सुस्ती दिखाई जा रही है। विदित हो, बीएड सहायक शिक्षक नगरीय निकाय चुनाव से पहले 45 दिनों तक अपने लंबित मांग को लेकर आंदोलन कर चुके हैं, लेकिन आचार संहिता के चलते उन्हें अपना आंदोलन स्थगित करना पड़ा था।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं का प्रदर्शन

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने फेस कैप्चर, ऑनलाइन उपस्थिति, और पारदर्शिता के नाम पर ऑनलाइन पेमेंट कटौती का विरोध किया। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए हेमा भारती ने कहा, सरकार की इस योजना का हम विरोध करते हैं। फेस कैप्चर आंगनबाड़ी में ही क्यों लागू किया जा रहा है। इसी तरह फोटो कैप्चर कार्य वर्तमान में इसलिए संभव नहीं है, क्योंकि विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को समुचित संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। जैसे 5जी मोबाइल, सभी केंद्रों और गांवों में पर्याप्त नेट सुविधा, मोबाइल रीचार्ज और हितग्राहियों को ओटीपी देने के लिए सुपरवाइजर और परियोजना अधिकारी द्वारा मोटिवेट नहीं किया गया है, जिसके कारण कई व्यावहारिक दिक्कतें आ रही हैं।

# चैंबर चुनाव, 4 वर्ष पुराने सदस्यों को चुनाव लड़ने की पात्रता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव के लिए सोमवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन बॉम्बे मार्केट स्थित चौधरी देवीलाल उद्योग व्यापार भवन में शाम 5 बजे किया गया। चैंबर चुनाव में प्रदेशभर के 27480 मतदाता अपनी पसंद के प्रतिनिधि चुनने मतदान कर सकेंगे।

14 अप्रैल से 10 चरणों में होने वाले इस चुनाव में अमर पारवानी के जय व्यापार पैनल और पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी के व्यापारी एकता पैनल के प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। जय व्यापार पैनल से अमर पारवानी प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं, वहीं व्यापारी एकता पैनल ने इस बार सतीश थौरानी को अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतारा है। चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली के हस्ताक्षरयुक्त चैंबर चुनाव-2025 की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 मार्च को शाम 5 बजे राजधानी के चैंबर कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचंद गोलछा, बालकृष्ण दानी, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल कुचेरिया, संजय देशमुख, एचएस कर, एसएम रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### अपर कलेक्टर लकरा ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

**बालोद।** संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में मंगलवार को जनदर्शन में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुंचे लोगों के समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। श्री लकरा ने उन सब से बारी–बारी से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जनदर्शन में डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पिनकापार निवासी श्री यशवंत पटेल ने अपने गांव के बड़े तालाब के पास पंप लाईन बदलवाने की मांग की। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड की ग्राम मटिया निवासी परदेशीनन बाई ने खाता विभाजन तथा ग्राम लिमोरा निवासी चन्द्रहास साहू ने गांव में जन चौपाल लगाने की मांग की। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के अब्दुल रहीम खान ने अपने निजी भूमि में अवैध कब्जे को हटाने की मांग की। डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम अकोला निवासी उमेश्वरी ने स्थाई जाति प्रमाण पत्र बनाने की मांग की।

### जल्द बने डा. आंबेडकर पुस्तकालयः कोमल


**भिलाई।** लाइजन ऑफिसर भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन एवं एसोसिएशन के बीच बैठक हुई। प्रबंधन स मांगों पर चर्चा हुई। टाउनशिप में भारत रत्न डॉक्टर अंबेडकर की गरिमा के अनुरूप सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी के बाजू में खाली पड़ी जमीन में डां. अंबेडकर पुस्तकालय एवं संग्रहालय निर्माण हेतु एसोसिएशन अपना अध्ययन रिपोर्ट लाइजन अधिकारी को सौंपा। डायरेक्टर इंचार्ज, कार्यपालक निदेशक व संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ एक सप्ताह के अंदर बैठक करने,प्रबंधन द्वारा एसोसिएशन को प्रदत्त डॉ अंबेडकर भवन सेक्टर 6 को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर की मांग की। ताकि जिससे आगामी 14 अप्रैल को डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती भवन में मनाई जा सके।

### प्रगतिशील महिला ऐसो. ने की मजदूरी बढ़ाने की मांग

**भिलाई।** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला ऐसोसिएशन ऐपवा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भैरव बस्ती, शारदापारा, भिलाई में बैठक किया गया। बैठक में महिलाओं की आजादी, समानता और सम्मान के लिए संघर्ष को यादकर महिलाओं के लिए रोजगार और सम्मानजनक मजदूरी की आवाज को बुलंद किया गया। भैरव बस्ती में पेयजल की समस्या पर सरकार व प्रशासन के रवैया पर गहरा रोष जाहिर किया गया। 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग की गई। बैठक में महिलाओं ने महतारी वंदन योजना में छूट गई महिलाओं को राशि तथा गरीबों को आवास देने की मांग की।

## अपील : प्रशासन से लगाई थी गुहार, पर नहीं मिली मदद

# परिवार पालने दिव्यांग अनिकेत को ई रिक्शा की दरकार, लोगों से मांग रहे सहयोग





अर्जुन्दा ▶▶ वामन साहू

80 फीसदी दिव्यांग होने के बावजूद अपने दम पर कुछ करने का जुनून एक दिव्यांग युवक पर है। पहले गांव-गांव जाकर चूड़ी और कंगन बेचते थे, लेकिन कुछ लोग दिव्यांगता का फायदा उठाकर चूड़ी कंगन चुरा लेते थे, जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ा। अब वे ई-रिक्शा चलाकर परिवार पालना चाहते हैं।

इसके लिए लोगों से सहयोग मांग कर रूपए जुटा रहे हैं। बालोद जिले के टिकरी गांव निवासी दिव्यांग अनिकेत का कहना है कि हौसले के आगे जीत है। इसलिए वे चूड़ी कंगन बेचने के काम में नुकसान के बावजूद हार नहीं मानने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अब नए सिरे से अपने जीवन की गाड़ी चलाना चाहते हैं। वे कहते हैं कि अब ई-रिक्शा से सवारी ढोकर अपने परिवार का पालन-पोषण करना है। उन्होंने बताया कि प्रशासन के पास भी ई रिक्शा के लिए मदद की गुहार लगाई लेकिन लेकिन कोई हल नहीं निकला। इसलिए अपने पास रखे बैटरी चलित सायकल से लोगों के पास जाकर सहयोग मांग रहे हैं, ताकि वह ई रिक्शा लेकर अपने परिवार को पाल सके। लेकिन, एक मुश्त राशि नहीं हो पा रही है, इसलिए लोगों से सहयोग मांग रहा हूं।



### बचपन से ही दिव्यांग है अनिकेत

अनिकेत बचपन से ही दिव्यांग है। जन्म लेने के बाद तीन सालों तक तो वह बिस्तर से उठ नहीं पाया। फिर चौथे साल में घसीटकर चलने लगा। फिर भी परिजनों ने हार नहीं मानी और उसका इलाज करवाया तब कहीं जाकर वह सात साल की उम्र में अपने पैर पर खड़ा हुआ। अनिकेत के पिता पहले उनके साथ रहते थे लेकिन एक साल पहले उन्हें छोड़कर दूसरी जगह चले गए। परिवार में अनिकेत की मां और दो छोटे भाई है। मां घर में सिलाई कर परिवार के लिए दो पैसे कमाती है। लेकिन माँ की कमाई परिवार चलाने के लिए काफी नहीं है।

### चूड़ियां कंगन बेचने से होने लगा नुकसान

पहले अनिकेत गांव-गांव जाकर चूड़ियां और कंगन बेचता था। लेकिन अनिकेत की दिव्यांगता का फायदा उठाकर कई लोग उनसे चूड़ियां और कंगन लेकर उन्हें पैसे नहीं देते थे तो कई लोग उनके सामान की चोरी कर लेते थे। अब बेचने के लिए लाए गए चूड़ी और कंगन घर में रखा है और व्यापारी उन्हें पैसे के लिए परेशान कर रहे हैं।

### पैंपलेट दिखाकर मांगते हैं सहयोग

सहयोग के लिए उन्होंने बकायदा एक पैंपलेट बनाया है जिसे लोगों को दिखाते है। जिसके बाद लोग अपने अनुसार उन्हें सहयोग देते हैं और सहयोग की राशि को सहयोग देने वाले व्यक्ति के नाम सहित अपने पास रखे रजिस्टर में दर्ज करते हैं।

### नहीं मिलती पेंशन

अनिकेत ने बताया कि गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने उन्हें एक बैटरी चलित ट्राइसाइकिल दी है, लेकिन वह सायकल उनके रोजगार के लिए काफी नहीं है। अब परिजनों ने भी शासन प्रशासन से उम्मीद छोड़ दी कि उनके बेटे को शासन की योजनाओं का कभी लाभ मिल पायेगा और दिव्यांग पेंशन भी मिलेगी या नहीं। अब उनकी मां अनिकेत का हौसला बढ़ाने के लिए उनके काम में हाथ बटा रही हैं।

# हुड़दंगियों पर होगी कड़ी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

■ थाना अंडा में होली पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

थाना अंडा परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक के बाद सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर बधाई दी। थाना प्रभारी डा भानु प्रताप साव ने कहा कि होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में समाज के हर वर्गों की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने सभी वर्गों के लोग से अपील की कि आपसी सौहार्द्र कायम कर एक दूसरे से मिलजुल कर होली।

थाना क्षेत्र में पर्व के दौरान सौहार्द्र बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों और हुड़दंगियों के खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगी। होली मिलन समारोह का आयोजन कर सकते हैं। होली में पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों को जगह-जगह तैनात किए जाएंगे। त्यौहार के दौरान संवेदनशील स्थानों को चिन्हित चौराहों के पास बड़े पैमाने पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।इस मौके पर क्षेत्र के जनपद सदस्य अजीत चन्द्राकर,बेला यादव, लोमेश चन्द्राकर, रूपेश देशमुख,दामिनी साहू, सरपंच ग्राम पंचायत अंडा दिग्विजय सिन्हा, योगेन्द्र दिल्लीवार,पुष्पा वाघमारे, झन्ना दिल्लीवार,गीता गजपाल, रोशन साहू, दुर्गा चौधरी,भूवन लाल देशमुख, भागवत पटेल, नन्द कुमार साहू, नेमीन खुटेल,गीता ठाकुर, घसिया राम देशमुख सहित एक एस आई तुलसी राम साहू, सुन्दर लाल नेताम, कौशलेंद्र बघेल,तेजेश्वर साहू, ग्रामीण जन लिकेश देशमुख, गौकरण साहू, मोहन ठाकुर के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्वामी आत्मा राम कुम्भज की पुण्यतिथि पर 16 को होंगे विविध कार्यक्रम



**बालोद।** वेदांत तीर्थ के रूप में विख्यात महर्षि मुक्त न्यास हथौद की बैठक मुक्ताश्रम प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य विषय मुक्ताश्रम के पूर्व संस्थापक संरक्षक ब्रम्हलीन स्वामी आत्मा राम कुम्भज के तृतीय पुण्य तिथि मनाने और कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारण रहा।

बैठक न्यास के अध्यक्ष गोविंद राम साहू के अध्यक्षता में कार्यक्रम की रूपरेखा सर्व सम्मति से 16 मार्च को सुबह 10 बजे पादुका पूजन आचार्य मनोज शर्मा सोरर द्वारा, 11 बजे से 1 बजे तक वेदांत दर्शन पर मुक्तानुभूति प्रवचन मानस कोकिला गिरिजा देवी शर्मा द्वारा 2 से 4:30 तक स्वामी आत्मा राम कुम्भज के कवि पुष्कर सिंह राजपूत, गीतकार सीता राम श्याम, गीतकार शिव कुमार अंगारे, व्यंग्यकार प्यारे लाल देशमुख की प्रस्तुति होगी। उक्तशय की जानकारी नाड़ी विशेषज्ञ डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत द्वारा दी गई। बैठक में गोविंद साहू, जागेश्वर साहू, ओमप्रकाश गजेन्द्र, पुरुषोत्तम सिंह राजपूत युवराज साहू, संतोष सिन्हा, तेजप्रताप साहू, प्राचार्य पवन साहू, पुरुषोत्तम ठाकुर, आदि उपस्थित थे।

# जर्जर, खराब व अनफिट वाहन चलाते पकड़े गए तो की जाएगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



■ कलेक्टर ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में परिवहन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शासन के मापदण्डों के विरूद्ध अत्यधिक पुराना, जर्जर एवं खराब अनफिट वाहनों का संचालन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा उन्होंने यातायात, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को नशापान का सेवन एवं तेज गति तथा यातायात नियमों के विरूद्ध लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध भी कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। चन्द्रवाल आज आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चल रहे शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने शासन के निर्देशानुसार जिले में चल रहे रबी गिरदावरी के कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए इस कार्य को निर्धारित समयावधि में त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से अपने हाथ से उत्तर पुस्तिका लिखने में असमर्थ जिले के दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए लिखित परीक्षा के दौरान सहलेखक उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को लिखित परीक्षा के दौरान दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए प्राथमिकता के साथ सहलेखक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी अजय किशोर लकरा से जिले में आयोजित होने वाली नीट 2025 के आयोजन हेतु जिला स्तरीय समिति के गठन के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित वर्ष 2025 के बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु सभी परीक्षा केन्द्रों का नियमित निरीक्षण के अलावा परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसके लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**दलहन-तिलहन फसलों की बिक्री को लेकर दिए निर्देशः** चन्द्रवाल ने जिले में ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल लगाने के अभियान के अंतर्गत दलहन एवं तिलहन फसलों के बिक्री की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कृषि विभाग के उप संचालक को दलहन एवं तिलहन फसलों की बिक्री की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। जिससे कि किसानों को उनके उत्पाद का वाजिब दाम मिल सके।

## गौ सेवा आयोग अध्यक्ष ने समाज से की सहभागिता की अपील

# सड़कों पर घूम रही गौ माता को सुरक्षित व संरक्षित करने की हम सबकी जिम्मेदारी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर





प्रदेश में गौधाम योजना प्रारंभ होगी। इसमे सड़कों पर घूम रही गौ वंशों को संरक्षित किया जाएगा। प्रथम चरण में प्रदेश में 200 गौ धाम स्थापित किए जाएंगे, जिनमें लगभग 40 हजार गौ वंशों को व्यवस्थित किया जाएगा। प्रदेश में कुल 1400 गौधाम की स्थापना का लक्ष्य है।

उक्त बातें गौ सेवा आयोग की योजना बैठक में आयोग के अध्यक्ष बिशेसर पटेल ने कहीं। बैठक में विकासखण्ड गुरूर, बालोद जिला सहित प्रदेश की पंजीकृत गौशाला के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में प्रदेश में गौ आधारित कृषि को प्रात्साहित करने, सड़कों पर घूम रही गौ वंशो को संरक्षित करने, गौशालाओ को आत्मनिर्भर बनाने सहित विभिन्न विशयो पर कार्ययोजना बनाई गई। गौ सेवा आयोग अध्यक्ष बिसेसर पटेल ने कहा कि गौ शाला को लीग से हटकर कार्य करना होगा। लोगों को गौ शाला से जोड़ने का कार्य करना है, कृषक रासायनिक खेती छोड़कर गौ आधारित खेती करें। इसके लिए हमे कार्य करना होगा। गौ शालाएं यात्रा निकालें, प्रदर्शनी लगाएं, प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से कृषकों को गौ आधारित कृषि के लिए प्रेरित करें, उन्हें प्रोत्साहित करें। बिशेसर पटेल ने कहा कि सड़कों पर घूम रही गौ माता को सुरक्षित, संरक्षित करने की हम सबकी जिम्मेदारी है। समाज को भी सहभागिता निभानी होगी। श्री पटेल ने कहा कि गायें घरों में रूकेंगी, तभी गौ वंशों को बचाया जा सकता है। गौशालाओं की क्षमता सीमित है। हम सबको मिलकर यह प्रयास करना है कि गौ माता किसानों के घरों में रूकें, किसान, गौपालक उन्हें न बेचें। सोनपैरी आश्रम के संत देवकर साहेब ने कहा कि हम ही गौ माता की दुर्दशा के कारक है। हम ही लाभ न देखकर गौ माता को छाड़ रहे हैं। हमें अपनी सोच बदलनी होगी, सभी मिलकर कार्य करें तब कार्य अच्छा होगा।

### मां हमें केवल 6 माह दूध पिलाती है और गौ माता जीवन भर

योजना बैठक में राष्ट्रीय संत असंग साहेब मुख्य मार्गदर्शक के रूप में पहुंचे। असंग साहेब ने कहा कि गौ सेवक, भगवान कृष्ण के कार्य को कर रहे हैं, गौ सेवक भगवत कार्य है। संत असंग साहेब ने विभिन्न घटनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि सच्चे मन से, समर्पण भाव से, पूरी निष्ठा से गौ सेवा करने पर अकाल मृत्यु पर भी विजय पाया जा सकता है। मां हमें 6 माह दूध पिलाती है, लेकिन गौ माता जीवन भर अमृत तुल्य दूध पिलाती हैं। उन्होंने कहा कि आज कई आधुनिक माएं अपना दूध नहीं पिलाकर प्लास्टिक निप्पल से दूध पिलाती हैं, जिससे बच्चों का रिश्ता मां से कम हो रहा है।

# सद्भावना व शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडी


डौंडी थाना में थाना प्रभारी उमा ठाकुर,तहसीलदार देवेंद्र नेताम के द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक को संबोधित करते हुए टीआई उमा ठाकुर ने कहा कि सभी नागरिकों को आपस में मिलकर सद्भावना व शांतिपूर्ण तरीके से होली पर्व को मनाना है,किसी भी तरह की अराजकता नहीं फैलानी है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से शहर में उपद्रव मोहल्ला संबंध में राय लिए जाने पर मथाई चौक,बस स्टेंड भट्टी रोड,गांधी चौक का नाम प्रमुखता से गस्त लगाने पर जोर दिया गया। तहसीलदार देवेंद्र नेताम ने कहा कि आपसी भाईचारे का प्रतीक होली का त्यौहार है इसे मिलजुलकर शांतिपूर्ण मनाना है। किसी भी प्रकार की दिक्कत आने पर थाना केंद्र पर सूचित करें ।बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश नायक,पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष झा, महामंत्री अजय चौहान, युवा नेता नीलेश जायसवाल, नपाध्यक्ष मोहंतीन चौरका, पार्षद माधुरी रावटे, किरण बंजारे, ममता जैन,भुनेश्वरी कुंभकार, सुशील अमला,अनिल कुमेटी, सौरभ चौरका, प्रशांत नेताम, हितेंद्र धनकर, यदुनंदन देहारी, नागरिक शाहरुख खान, शमशेर बैग, लालचंद जैन, राजेंद्र जैन, इक्लामुद्दीन खान,जमील खान आदि वरिष्ठ नगरवासी मौजूद रहे।

### साजन स्कूल में आठवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**थानखम्हरिया।** समीपस्थ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला साजन में कक्षा छठवीं एवं सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा आठवीं के बच्चों को समारोहपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर संस्था प्रमुख कृष्ण कुमार वर्मा ने सभी बच्चों को मन लगाकर अध्ययन करने एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। आठवीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय में अध्ययन एवं पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय की शिक्षिका मोमिता विश्वास, शिक्षक मुकेश सिंह राजपूत, हरप्रसाद तिवारी, मुकेश वैष्णव संतोष पटेल, दरबारी ध्रुवे एवं नवयुवक साथी संजय पटेल ने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने फाग गीत का आनंद लिया। सभी विद्यार्थियों को फल एवं मिष्ठान तथा पेन वितरित किया गया।

### दर्री स्कूल में मातृशक्तियों का किया गया सम्मान



**बेमेतरा।** मातृशक्ति के सम्मान में थानखम्हरिया समीपस्थ शासकीय हाई स्कूल दर्री में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। महिला सम्मान में मध्यान्ह भोजन संचालक राजेश्वरी स्व सहायता समूह थानखम्हरिया द्वारा रसोईयों को श्रीफल एवं साड़ी भेट कर सम्मान किया गया। शिक्षकों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपनी विचार अभिव्यक्त प्रदान किया। इस मौके पर हाई स्कूल प्रभारी प्राचार्य भवानी सिंह नेताम, पूर्व माध्यमिक शाला प्रभारी प्रधान पाठक राजकुमार ध्रुवे , शिक्षक गोविंद कुमार सोनकर, अंजनी कुमार मिर्झा, सुदामा यादव,प्राथमिक शाला सहायक शिक्षक, स्वयं सेवी शिक्षक दुर्गा सेन, ऋतू राजपूत ,निखिल पाटिल, सरिता यादव , समेत विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय दर्री में महिला दिवस पर ,मद्यान्ह भोजन संचालक राजेश्वरी स्व सहायता समूह थान खम्हरिया द्वारा रसोइयों को साड़ी एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

### साल्हेपुर स्कूल में पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर विकासखंड बेरला में कक्षा पांचवी के बच्चों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। प्रधान पाठिका, शिक्षक गण, एवं अन्य कक्षा के विद्यार्थियों ने मिलकर डुमेश्वरी यादव, फाल्गुनी यादव, वैष्णवी धुर्वे, गेमीन यादव, मंजीत, डीकेन, रमेश सहित अन्य पांचवी कक्षा के विद्यार्थी को विदाई दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान पाठिका अम्बालिका पटेल, प्राथमिक शाला चोंगीखपरी के प्रधान पाठक चित्र कुमार वैष्णव ने कि विदाई कार्यक्रम आप लोगों के एक नए अध्याय की शुरुआत के लिए शुभकामनाओं का प्रतीक है। विदाई समारोह के साथ-साथ शाला की प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को नेवता भोज दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शासकीय प्राथमिक शाला चोंगीखपरी के प्रधान पाठक चित्र कुमार वैष्णव, प्रवीण कुमार ठाकुर, शाला के शिक्षक प्रदीप कुमार, डागेंद्र निषाद एवं साल्हेपुर के ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष


### त्योहार पर फसाद करने ...

पंचायत इंजीनियर संजय मोटवानी, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे सभी समुदायों के वरिष्ठ जन समस्त वार्ड पार्षद व पत्रकारगण समेत अन्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। सभी ने समाज में आपसी भाईचारा बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए प्रशासन को सहयोग देने का आश्वासन दिया। पुलिस प्रशासन ने उपस्थित लोगों से त्योहारों के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

### होली के लिए सजा ...

की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। इस बार होली का त्यौहार 14 मार्च शुक्रवार को मनाया जाएगा। वहीं होली से एक दिन पहले होलिका दहन करने की परंपरा है, यानी 13 मार्च को होलिका दहन होगा। इस बार होलिका दहन की तिथि 13 मार्च को सुबह 10 बजकर 35 मिनट से शुरू होगी और तिथि का समापन 14 मार्च को दोपहर 12 चलकर 23 मिनट पर होगा। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात 11 बजकर 26 मिनट से शुरू होगा और 14 मार्च को रात्रि में 12 बजकर 30 मिनट पर मुहूर्त का समापन होना।

## खबर संक्षेप



### क्षेत्र की मांगों को लेकर विनय ने उप मुख्यमंत्री साव से की भेंट

**डौंडीलोहारा।** भाजपा कार्यकर्ता विनय बघेल ने डौन्डीलोहारा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों मे दौरा कर जनमानस की सभी समस्याओं को सुनकर उनकी सभी माँगों को लेकर राज्य के उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात की। उन्होंने श्री साव को समस्याओं से अवगत कराया और उनके निराकरण की मांग की। साथ ही क्षेत्र के ग्राम विकास के लिए मांग भी रखी और उनसे क्षेत्र के दौरे के लिए आमंत्रित किया। उपमुख्यमंत्री से की गई मांगों में डारागांव मे सीसी रोड निर्माण एवं नवीन स्कूल भवन, दुबचेरा में तालाब सौंदर्यीकरण, खैरा में नवीन सामुदायिक भवन, कोचेरा में महिला भवन तथा हाई स्कूल में ग्यारहवीं-बारहवी कक्षा सहित शिक्षकों की पूर्ति, सेम्हरडीह में सामुदायिक भवन शामिल हैं। इन सभी माँगों को मंत्री श्री साव ने ध्यान से सुना एवं सभी जल्दी पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

### विष्णु को मिला सर्वश्रेष्ठ गीतकार का अवार्ड



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम फिरतुटोला (नंगुटोला) के गीतकार विष्णु कोठारी मीत को छत्तीसगढ़ी फिल्म अवॉर्ड शो रंगझाझर में सर्वश्रेष्ठ गीतकार का अवार्ड मिला है। श्री कोठारी को यह अवार्ड भारती वर्मा द्वारा निर्मित व निर्देशित फिल्म डार्लिंग प्यार झुकता नहीं 2 के लिए प्रदान किया गया है। विष्णु कोठारी को इसके पूर्व अनेक संस्थाओं द्वारा सम्मान प्राप्त हो चुका है। इस सम्मान के लिए ग्राम पटेल फरियाद हुसैन अंसारी, नेतराम यादव, हिमाचल नांदरे, दराज खान, जाहिद अंसारी, महेमुद अंसारी, फिरतू कोमरे, जयप्रकाश आर्य, परस भंडारी, रतन लाल यादव के अलावा भीमाटोला पंचायत के नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### भालू के हमले में नपा का सफाई कर्मी घायल



**बालोद।** दल्लीराजहरा नगर में नगर पालिका का एक सफाई कर्मी सफाई कार्य के लिए घर से मंगलवार की सुबह 5 बजे निकला था, जिस पर रास्ते में बरसाटोला के पास भालू ने हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार ईश्वर लाला टेकाम अपने घर से नगर पालिका में सफाई के कार्य के लिए निकला था। रास्ते में भालू ने बरसाटोला के पास ईश्वर टेकाम के हाथ पर हमला कर दिया। तब ईश्वर ने अपने बचाव के लिए लकड़ी से भगाने का प्रयास किया, उसके बाद भी भालू के द्वारा ईश्वर पर हमला कर दिया। भालू के हमले से वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। उसे आस पास के लोग घायल अवस्था में शहीद हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज जारी है।

### सरस साहित्य समिति गुण्डरदेही के होली मिलन पर हुई काव्यगोष्ठी

**गुण्डरदेही।** मंगलवार को सरस साहित्य समिति गुण्डरदेही की बासंती काव्य गोष्ठी एवं होली मिलन समारोह का आयोजन कवि केशव निवास गुण्डरदेही में किया गया। जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार सीताराम साहू की अध्यक्षता में शिव कुमार अंगारे, गजपति राम साहू, रमेश यादव, कृष्ण कुमार, दीप एवं केशव साहू ने होली और बसंत पर रचनाएं सुनाई। रमेश यादव ने श्रृंगार पर रचना प्रस्तुत की। कृष्ण कुमार दीप, शिव कुमार अंगारे व केशव साहू ने होली पर और बसंत पर अपनी रचना प्रस्तुत किया। सीताराम साहू ने रंगों के महत्व पर प्रकाश डाला। कवियो ने कहा कि असली रंग प्रेम और भक्ति का होता है रंग और गुलाल तो सिर्फ प्रतीक हैं तभी तो कार्यक्रम पश्चात सभी ने रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाइयां दी।

## आयोजन

**नगर पालिका नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने पूजा-अर्चना के बाद ग्रहण किया पदभार, कहा-**

# नगर के सभी वार्डों में बिना भेदभाव के कराए जाएंगे विकास कार्य : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने मंगलवार को मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं बिना भेदभाव के सभी वार्डों में विकास कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि नवनिर्वाचित परिषद को पूर्व के सत्तासीन चलते पानी की समस्या, गंदगी अव्यवस्था सौगात में मिली है 5 वर्षा में सौंदर्यीकरण के नाम पर अव्यवस्थित विकास हुआ है। हम प्लान बनाकर सुव्यवस्थित तरीक़े से विकास कार्य कराएँगे। वर्तमान में सर्व प्रथम मीठे पानी की व्यवस्था किया जा रहा है जिन वार्डों में मिठा जल के लिए पाईप लाइन के विस्तार की आवश्यकता है उसके लिए विधायक दीपेश साहू द्वारा राशि स्वीकृत कराई गई है विकास कार्यो के लिए राशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से बेमेतरा शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए हम सभी जनप्रतिनिधि मिलकर कार्य करेंगे। कार्यभार ग्रहण के मौके पर विधायक दीपेश साहू , जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ,वरिष्ठ भाजपा नेता हर्षवर्धन तिवारी, समाजसेवी राजेश शर्मा, बंटी चाचा, नीलू राजपूत, राकेश मोहन शर्मा, मनोज मिश्रा, पार्षद पंचू साहू, नीतू कोठारी, गौरव साहू, विकास तंबोली, आकिब मलकानी सजनी यादव, निखिल साहू, चांदनी रोशन दत्ता, रवि मुलवानी, राजकुमार खांडे, लक्की साहू, सिमरन ताम्रकार, खिलेश्वरी पाटिल, संदीप यादव, धर्मेन्द्र साहू, अमरीका निर्मलकर, विनय तंबोली, विक्की चौबे मौजूद रहे।

## पंचायत गडुवा के निर्विरोध उपसरपंच चुने गए सूरज



**थानखम्हरिया।** ग्राम पंचायत गडुवा में उपसरपंच पद के लिए हुए निर्वाचन में सूरज राजपूत को निर्विरोध चुना गया। उनके निर्विरोध निर्वाचन से ग्रामवासियों में हर्ष का माहौल रहा। ज्ञात हो कि राजपूत जी दशकों से जनसेवक है। इस अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं देने एवं बधाई प्रेषित करने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों का आगमन हुआ। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि सोनू पटेल, सरपंच फाफी बाई, सेवा सहकारी समिति बीजा के अध्यक्ष बीरेंद्र वर्मा, अनिल ठाकुर, रामनारायण वर्मा, पीलाराम पटेल, अवध निषाद, डॉ नारायण सिंह पटेल, शिवचरण सेन, अजय यादव, बालेश्वर साहू, विजय साहू, ओमप्रकाश यादव, चंद्रदेव यादव, अवध निषाद सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने नवनिर्वाचित उपसरपंच सुरज राजपूत को ग्राम विकास के लिए निरंतर कार्य करने हेतु शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने ग्राम पंचायत के समग्र विकास, जनहितकारी योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन एवं ग्रामीण क्षेत्र में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार पर विचार-विमर्श किया। सभी ने आशा जताई कि नवगठित पंचायत नेतृत्व ग्राम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान देगा।

## ग्राम पंचायत खाती के निर्विरोध उपसरपंच बने नेमीचंद साहू



**बेमेतरा।** ग्राम पंचायत खाती में उपसरपंच पद के लिए हुए चुनाव में नेमीचंद साहू निर्विरोध निर्वाचित हुए। उनके इस निर्विरोध निर्वाचन पर ग्रामवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर पंचायत के नवनिर्वाचित पंच सहित ग्रामीण ग्राम पटेल दुखित राम साहू, भूतपूर्व सरपंच मोहन साहू, कीर्तिकुमार साहू, पीलूराम साहू, ईश्वर साहू, लखन गौटिया, मनिहार, देवनाथ, युगल, चुम्मन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# साजा नगर पंचायत की उपाध्यक्ष बनीं प्रेरणा



**साजा।** नगर पंचायत साजा में उपाध्यक्ष पद का चुनाव किया गया, जिसमें भाजपा की प्रेरणा शौर्य जीत सिंह ने एक तरफा जीत दर्ज की कल 15 वार्डों की नगर पंचायत में भाजपा के 9 व कांग्रेस से 6 प्रत्याशी चुनाव जीतकर नगर पंचायत पहुंचे थे। कांग्रेस की ओर से जनार्दन ठाकुर ने नामांकन दाखिल किया था। मतदान के कुछ देर पहले भाजपा प्रत्याशी प्रेरणा सिंह ने नामांकन दाखिल किया। फार्म की स्कूटनी के बाद रिटर्निंग अधिकारी डी आर रात्रे ने मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ कराई। मतगणना में भाजपा को 11 मत प्राप्त हुए जबकि कांग्रेस से प्रत्याशी को महज 5 वोट मिले बीते दिनों देवकर में क्रॉस वोटिंग के बाद दोनों ही पार्टियां काफी सतर्क नजर आ रही थीं। अपने जयचंदों को लेकर दोनों और से निगरानी चल रही थी। बाजार में अफवाहों का दौर भी गर्म रहा। मतदान के बाद मतगणना में भाजपा को एक वोट अधिक मिले और भाजपा की महिला प्रत्याशी प्रेरणा लाल शौर्य जीत ने पहली बार महिला उपाध्यक्ष के रूप में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। पूरे चुनाव के दौरान प्रभारी दिलीप ठाकुर रवि वर्मा मंडल अध्यक्ष बुलॉक साहू समिति अध्यक्ष कमल राठी राकेश भुवाल चुनाव प्रभारी विनोद शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता हरिशंकर टावरी पूर्व मंडल अध्यक्ष बल्लू साहू सहित अनेक दिग्गज नगर पंचायत में ही डटे रहे। अपनी जीत के बाद उपाध्यक्ष प्रेरणा सिंह ने कहा कि यह कार्यकर्ताओं की जीत है। नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा ने इस जीत पर कहा कि अब पूरे नगर का विकास तेजी से होगा।




### विधायक ईश्वर ने दी बधाई

विजय के बाद पार्षदों के साथ पूरे भाजपा कार्यकर्ता विधायक निवास पहुंचे, जहां सभी को विधायक ईश्वर साहू ने बधाई दी। दूसरी ओर से अपनी अंतिम पड़ाव में कांग्रेस की हार से बौखलाए कांग्रेसी सकते में नजर आ रहे थे। एक क्रॉस वोटिंग के बाद कांग्रेस में गुटबाजी साफ नजर आ रही थी। 10 वर्षों तक नगर पंचायत में काबिज रही कांग्रेस का सुपड़ा पूरी तरह साफ हो गया।




## डॉ सौरभ निर्वाणी को मुंबई में मिला इंडियन स्टार्स अवार्ड

**बेमेतरा।** मुक्ति आडिटोरियम अंधेरी वेस्ट मुंबई में समाज सेवी और मानव अधिकार कार्यकर्ता डॉ सौरभ निर्वाणी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक रंगारंग कार्यक्रम में इंडियन स्टार्स अवार्ड से सम्मानित किया गया नारी सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान उन्हें बॉलीवुड अभिनेत्री मोनिका बेदी के हाथों मिला, मुम्बई ग्लोबल समूह द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में दीपक पाराशर,छत्तीसगढ़ में दादा फाल्के अवार्ड से सम्मानित अभिनेता पेशे से चिकित्सक डॉ अजय सहाय सहित तमाम बॉलीवुड हस्तियां टीवी कलाकार और ओटीटी में कार्यरत निर्माता निर्देशक के अलावा मुंबई सिने जगत से जुड़े तकनीकी सहायक फोटोग्राफर और सहायक उपस्थित रहे, डॉ सौरभ निर्वाणी ने बताया कि उन्हें यह सम्मान उनके द्वारा अभिनीत दूरदर्शन किसान चैनल में प्रसारित धारावाहिक परिवर्तन के लिए दिया गया उन्होंने दूरदर्शन के टीम का भी आभार व्यक्त किया है, सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ से डॉ अजय सहाय के उपस्थिति और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

> ■ नारी सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिला सम्मान

# कक्षा पांचवीं व आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा को लेकर डीईओ ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा के सम्बंध में संकुल समन्वयकों व संकुल प्राचार्यों का शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2024-25 में केंद्रीकृत परीक्षा कक्षा पांचवीं व कक्षा आठवीं की वार्षिक परीक्षा के सम्बंध में बारीकियों पर चर्चा करने बैठक रखी गई। इस बैठक में बेमेतरा जिले के समस्त 167 संकुल शैक्षिक समन्वयक तथा 167 संकुल प्राचार्यों को आमंत्रित किया गया था।

जिसमें प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय के केंद्रीकृत परीक्षा पर समस्त छोटी सी छोटी बारीकियों पर बहुत ही ध्यानपूर्वक, गम्भीरतापूर्वक, नियमानुसार समय पर कार्य करने, परीक्षा संचालन पर चर्चा, अन्य कार्य निर्वहन करने से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये गए। इस केंद्रीकृत परीक्षा का सम्पूर्ण जवाबदेही, संचालन करने का दायित्व ततपश्चात मूल्यांकन कार्य भी संकुल प्राचार्य (संकुल परीक्षा नोडल अधिकारी) तथा संकुल शैक्षिक समन्वयक (सहायक परीक्षा नोडल अधिकारी) के रूप में कार्य करेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से जिले के परीक्षा नोडल अधिकारी एसपी कोसले, सहायक जिला परियोजना अधिकारी सुनील झा, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य संतराम साहू, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, विकास खंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा अरुण कुमार खरे, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक बेमेतरा राजेन्द्र कुमार साहू, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बेरला जयप्रकाश करमाकर, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक बेरला खोमलाल साहू, विकास खंड शिक्षा अधिकारी साजा नीलेश कुमार चंद्रवंशी, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक साजा बीड़ी बघेल, विकास खंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ लोकनाथ बांधे, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक नवागढ़ जगजीवन साहू, प्रहलाद पटेल, मनोज कुमार बक्शी, सतीश लहरे उक्त बैठक में उपस्थित थे।

# बच्चों सहित पूरे शाला परिवार को जैन दंपत्ति ने दिया होली का उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

होली के उपलक्ष्य में शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में नगर पंचायत देवकर के पूर्व अध्यक्ष पन्ना लाल जैन व अंजना जैन ने बच्चों को रंग गुलाल, मुखौटा, भोपू, द्वारा पूरे शाला परिवार की ओर से दंपत्ति को इस पहल हेतु बहुत शुभकामनाएं दिया गया और कहा की ये सामुदायिक सहभागिता का बहुत ही अच्छा उदाहरण है कि उनके द्वारा अपनी खुशी को बच्चों के साथ साझा किया गया। साथ ही



चश्मा, टोपी, बैलून, चाकलेट का वितरण किया। सभी शिक्षक शिक्षिका, रसोईयों, स्वीपर को होली उपहार दिया गया। बच्चों के चेहरे में उपहार प्राप्त करने के पश्चात ख़ुशी की लहर दौड़ रही थी। शाला परिवार ने जैन दंपत्ति का आभार व्यक्त किया। प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल उनके द्वारा होली पर्व के अवसर पर न्योता भोज आयोजन की घोषणा भी किया गया शाला परिवार उनके कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करता है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक आशुतोष चौबे, मैमूना सुल्ताना, वीणा रावटे, श्वेता वर्मा सहित सभी बच्चे उपस्थित थे।

## भाजपा महिला मोर्चा बेमेतरा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक

# महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाजपा महिला मोर्चा ने साहू छात्रावास में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू थे। उनके साथ पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य मधु राय, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी गंधर्व, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता साहू, पार्षद सजनी यादव, नीतू कोठारी , चांदनी दत्ता, महिला योगिता साहू ममता गवाल्वँसी समेत अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनकी भूमिका हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। आज का दिन उन सभी महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक है, जिन्होंने समाज और देश के निर्माण में अपनी अमूल्य भूमिका निभाई है। हमारा समाज तब ही आगे बढ़ सकता है जब महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर होंगी। इस दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई हैं, जिनमें उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण अभियान और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की कई पहल शामिल हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाना है, बल्कि उन्हें हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में लाना भी है। छत्तीसगढ़ में भाजपा संगठन सदैव महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि हर महिला अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बने और अपने सपनों को साकार कर सके।



कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा के सदस्य रीना साहू, लक्ष्मी साहू, निशा चौबे, हेमलता शर्मा, राजेश्वरी पांडे, जामिन बंछोर, उमेश्वरी साहू, पिकी गुप्ता, संतोषी साहू, ममता साहू शीलू साहू, सुमिता यादव सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित थीं। कार्यक्रम के अंत में महिला मोर्चा की ओर से अतिथियों का सम्मान किया गया और महिलाओं के सम्मान व सशक्तिकरण का संकल्प लिया गया।

